संक्षिप्त

बाइक चोर गिरफ्तार

मालपुरा, (निसं)। पचेवर थाना पुलिस ने राजपुरा बास के पास नांकाबंदी कर तीन दिन पूर्व नगर से चोरी हुई मोटरसाईकिल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की एक मोटरसाईकिल बरामद की। थानाधिकारी रतन सिंह तंवर ने बताया कि दस अगस्त को नगर कस्बे के बैंक के सामने से छीतर गुर्जर निवासी थडी की मोटरसाईकिल चोरी होने पर दर्ज करवाई प्राथमिकी के बाद गठित विशेष टीम ने मुखबीर की सुचना पर रामपुरा बास के पास नांकाबंदी कर मोटरसाईकिल चोरी अंकित पुत्र रंगलाल गुर्जर निवासी सीतापुरा थाना पचेवर को गिरफ्तार किया।

रामगढ़ में तिरंगा यात्रा निकाली

अलवर, (निसं)। आजादी की 75वीं वर्षगाठ के उपलक्ष में अमृत तिरंगा यात्रा के तहत आज रविवार को रामगढ के पूर्व विधायक एवं मेवात बोर्ड के चेयरमैन मंत्री दर्जा प्राप्त जुबेर खान और मौजूदा विधायक सफिया खान के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

खेरिया के नेतृत्व में निकाली गौरव यात्रा

किशनगढ़ बास, (निसं)। आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर निकाली जा रही आजादी की गौरव यात्रा के क्रम में रविवार को किशनगढ बास में विधायक दीपचंद खैरिया के नेतृत्व में सैकडों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने पैदल, बाइक, ट्रैक्टर, गाडियों के काफिले के साथ तिरंगा रैली निकाली। मीडिया प्रभारी सुनील कांत गोल्डी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर रविवार को किशनगढ बास में गौरव यात्रा का शुभारंभ विधायक दीपचंद खैरिया के कार्यालय से हुआ। विधायक कार्यालय से शुरू हुई गौरव यात्रा कोटकासिम चौराहे से अनाज मंडी तिजारा रोड मेन बाजार खैरथल रोड उपखंड कार्यालय में शहीद स्मारक को नमन करते हुए तोप सर्किल अलवर रोड बाईपास होते हुए विधायक कार्यालय पर पहुंची।

श्रीमाधोपुर में चारों तरफ देशभक्ति का माहौल

श्रीमाधोपुर, (निसं)। रविवार को कस्बा आज़ादी के जश्न में रंगा हुआ नजर आया। वहीं चारों तरफ शहर में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। रविवार को गणेश मंदिर से पंचायत समिति कार्यालय तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

तिरंगा रैली का आयोजन पूर्व पीसीसी सचिव बालेन्दु सिंह शेखावत के नेतृत्व में हुआ, जो गणेश मंदिर से शुरू होकर पंचायत समिति तक पहुंची। तिरंगा रैली में देशभक्ति गीतों पर युवां हाथों में तिरंगा लिए हुए देशभक्ति के माहौल में नजर आए, तो वही देशभक्ति गानों पर जमकर ठुमके भी लगाए। भारत माता की जय, वंदे मातरम के जयघोष के साथ हाथों में तिरंगा लिए हुए कार्यकर्ता आगे बढ रहे थे। कस्बा वासियों ने तिरंगा रैली का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर रैली में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रक्षपाल दास स्वामी, पार्षद मदन लाल चौहान, मनोहर सिंह शेखावत, उमेश चुलेट, राकेश शर्मा, राजेश हरिजन ,जगदीश मीणा, नंदकिशोर सैनी, रामनाथ सैनी, विनेश सैनी, जितेंद्र पंजाबी पीडी सैनी, महेंद्र उपाध्याय, मदन यादव, लक्ष्मीकांत हरितवाल, भगवती देवी कुमावत, केदारमल सैनी, वेद प्रकाश बारोलिया, रोहित कुमावत, लक्की मऊवाला, संजय लोकनाथका ,धनपाल सिंह ,सुनील पंजाबी, विक्की बींवाल, मंजू टेलर, बजरंग लाल सैनी, मुकेश सैनी ,राजु सैनी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

तिरंगा रैली निकाली

राजगढ़, (निसं)। नगर पालिका बोर्ड एवं लायंस क्लब सहित अन्य संगठनों ने आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर तिरंगा रैली निकालकर समूचे माहौल को देश भक्ति से ओतप्रोत कर दिया।

नगरपालिका के चेयरमैन सतीश दुहारिया के नेतृत्व में नगर पालिका बोर्ड की पूरी टीम के द्वारा अमृत महोत्सव तिरंगा रैली का आयोजन बड्डी धूमधाम से किया गया। रैली मेला का चौराहा से शुरू होकर राजगढ नगर पालिका के 35 वार्डो में होते हुए तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

जिसमें अनेक समाज बंधु महिला एवं पुरुषो ने बढचढ कर भाग लिया इस तिरंगा रैली में नगर पालिका चेयरमेन सतीश दुहारिया,पार्षद धर्मचन्द सैनी,राजूराम सैनी,रज्जो देवी, अंजूबाला सैनी, रूपनारायण मीणा, राजेन्द्र कुमार, प्रशांत जोहरी, सुरेश्वर शर्मा, प्रेम पटेल, प्रीति शर्मा, फूलचंद प्रजापत, एडवोकेट अल्का सैनी, धर्मेंद्र रेबारी, मांगेलाल सैनी, बेनी प्रसाद सैनी, दिनेश पटेल, बबली सैनी, हरिकिशन सैनी, लक्ष्मीनारायण सैनी, बंसीराम सैनी, संत ज्ञानेश्वर दयाल भम्भू राम मीना, देवेंद्र सारसर, सतेंद्र सैनी एंव अनेक समाज बन्धु मौजूद रहे।

देशभक्ति गीतों के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

देशभक्ति के तरानों के साथ लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर हर गली मोहल्ले में तिरंगा यात्रा निकाली।

सांभरझील, (निसं)। ग्राम लूणवां में आजादी का अमृत महोत्सव लोगों ने रविवार को काफी उत्साह के साथ मनाया।

डीजे पर देशभक्ति के तरानों के साथ लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर हर गली मोहल्ले में तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा में बच्चों ने भी बढ चढकर हिस्सा लिया। बारिश की फुहारों के बीच तिरंगा यात्रा का जोश लोगों में दोगुना नजर आया। आजादी की 75 वर्ष पूर्ण होने पर इसे उत्साह के साथ मनाया गया। लोगों ने अपने अपने घरों की छतो पर तिरंगा झंडा लगाया। तिरंगा यात्रा के दौरान आज संपूर्ण नगरी देश भक्ति के रंग में डूबी नजर आई। तिरंगा यात्रा में सैकडों की तादाद में महिलाओं ने भी अपनी भागीदारी निभाई। इसी प्रकार सांभर में भी उत्साह के साथ आजादी का अमृत महोत्सव पर वाहनों की रैली निकाली गई। पार्षद गौतम सिंघानिया ने घर घर जाकर लोगों को तिरंगे झंडे का वितरण किया।

अमृत महोत्सव पर तिरंगा यात्रा निकाली

बौंली, (निसं)। स्वाधीनता के 75वें अमृत महोत्सव पर अमृत महोत्सव आयोजन समिति सर्व समाज बौंली के तत्वावधान में खेडापति बडे बालाजी से लेकर खादी बाग आश्रम तक विराट तिरंगा रैली निकाली।

दोपहर 1 बजे रैली को बालकानंद जी महाराज हरभांवता आश्रम व करमानंद महाराज करीरिया आश्रम ने झंडी दिखाकर रवाना किया। विराट तिरंगा रैली में बौंली के अलावा भी अनेकों गांव के महिला पुरुष व युवाओं ने भाग लिया।

रैली में तिरंगा लेकर देशभक्ति गीतों के साथ भारत माता की सजीव झांकी के साथ 25 घोडों पर सर्व समाज के प्रबुद्धजन व 15 उंटों पर क्रांतिकारी के रूप में तिरंगा ध्वज लेकर चल रहे थे। रैली में आदर्श विद्या मंदिर व लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय बौंली की ओर से झांकियों में विभिन्न क्रांतिकारियों के रूप में बालक बालिकाओं को बनाकर आकर्षक झांकियां सजा कर चल रही थी।

पावटा मोक्षधाम लोकार्पण एवं वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

- पावटा मोक्षधाम भामाशाह एवं समाजसेवियों के सहयोग से बना स्वर्ग
- सफल संचालन एवं रखरखाव के लिए गांव के स्थानीय स्तर पर 8 लोगों की कमेटी का गठन किया

पावटा, (निसं)। पावटा बिरादरी कोर कमेटी दिल्ली द्वारा मोक्षधाम का जीर्णोद्धार कर भामाशाहों व जन सहयोग ने स्वर्ग सा बना दिया।

समिति संस्थापक व संरक्षक ओमप्रकाश गोयल व सुधीर अग्रवाल ने बताया कि पावटा मोक्षधाम के जीर्णोद्धार का कार्य बहुत सफल रूप से संभव हो पाया है। जिसको लेकर रविवार को विधायक इंद्राज गुर्जर के मुख्य आतिथ्य व समिति संस्थापक व संरक्षक ओम प्रकाश गोयल व सुधीर अग्रवाल की अध्यक्षता व पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल अग्रवाल, संत निरंकारी मिशन जोनल इंचार्ज वैध बनवारीलाल निरंकारी, सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल पंसारी, पावटा प्रागपुरा नगरपालिका वाइस चेयरमैन अशोक सैनी, नरपत सिंह, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर, पूर्व जिला पार्षद जगदीश मीणा के विशिष्ट आतिथ्य में मोक्षधाम लोकार्पण व वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित कर औपचारिक रूप से इसके सफल संचालन एवं रखरखाव के लिए गांव के स्थानीय स्तर पर 8 लोगों की कमेटी का गठन किया।

कमेटी में रामोतार गोयल को कोषाध्यक्ष व सहयोग के लिए उमेश टांक, बनवारीलाल पहाडिया, अश्वनी शर्मा, वीरेंद्र राठी, मनोज गोयल, सुभाष गोयल सहित अन्य लोगों की टीम गठित की गई। पावटा बिरादरी कोर कमेटी दिल्ली से आये लोगों समिति संस्थापक व संरक्षक ओमप्रकाश गोयल, वरिष्ठ सदस्य सुधीर अग्रवाल, कमल पंसारी, गोपी खण्डेलवाल, अशोक गोयल, गोपाल बंसल, मनोज बंसल, विष्णु मंगल, किशन बंसल, गोविंद सैनी, मुकेश दीवान, प्रदीप, प्रवीण, कृष्ण गोयल, डॉ.के.के मंगल, डी पी गुप्ता, महेश मिश्रा, भोमाराम का दुप्पटा व माला पहनाकर स्वागत किया। जीर्णोद्धार में सहयोग करने वाले भामाशाहों व जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों का भी दुप्पटा व माला पहनाकर स्वागत व सम्मान किया गया।

वहीं सामाजिक कार्यकर्ता गोकुल चंद सैनी ने श्मशान घाट में एक हॉल निर्मित करवाने की बात कही तो वही पावटा प्रागपुरा नगरपालिका वाइस चेयरमैन नरपत सिंह ने मोक्षधाम के नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार में सहयोग के लिए 51 हजार की राशि देने की घोषणा की। विधायक इंद्राज गुर्जर ने क्षेत्र में पानी की समस्याओं को देखते हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में सिंचाई व पेयजल के लिए ईआरसीपी वरदान सिद्ध हो सकती है।

वहीं कहा कि विराटनगर विधान सभा क्षेत्र में विकास में कोई कोर कसर नहीं छोडी हैं। इस मौके पर कैप्टन मनोहर सिंह अरोडा, मदन सैन, विष्णु पटेल, पुरुषोत्तम मिश्रा, महेश पारीक, राजेश शर्मा, बद्री चौहान, बलदेव गोयल करण पंसारी, रामवतार गोयल, अनूप गर्ग, सुनील गौड, विजय गुप्ता, गजानंद गर्ग, अशोक गोयल, सुरेश शर्मा, मालीराम बंसल, सतीश अरोडा, दीपक गोयल, सुरेश मीणा, टिंकू प्रजापत, चंद्रमोहन सैन, उमाकांत बंसल, कैलाश शर्मा, वीरेंद्र बंसल सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत ढाणी जुगलपुरा, पंचायत समिति निवाई

क्रमांक :- दिनांक :-

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित पट्टाधारकों द्वारा आबादी भूमि में पूर्व में जारी पट्टों के नवीनीकरण / नामान्तरण निर्माण स्वीकृति नाम शुद्धीकरण के आवेदन प्राप्त हुए है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो एक माह के अंदर मय दस्तावेज लिखित में कार्यालय हाजा प्रस्तुत करे। समय समाप्ति (अवधि) पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी व आवेदक के पक्ष में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	खसरा नंबर	कॉलोनी का नाम	क्षेत्रफल	वि.वि.
1.	दांखादेवी / हरिनारायण मीणा	254/8	प्लॉट नं. 1 केरोद मोड के पास जुगलपुरा	150 वर्ग गज	पट्टा नवीनीकरण
2.	तीजादेवी / कन्हैयालाल रैगर	258 / 3	प्लॉट नं. 35 केरोद मोड के पास जुगलपुरा	150 वर्ग गज	पट्टा नवीनीकरण
3.	शिमला देवी / महेन्द्र कुमार जैन	254 / 8	प्लॉट नं. 14 केरोद मोड के पास जुगलपुरा	150 वर्ग गज	पट्टा नवीनीकरण
4.	बिरधा / मांगीलाल मीणा जरिये बेचान बाबूसिंह पुत्र पुत्र प्रहलाद सिंह व जरिये बेचान रूमालीदेवी पत्नि मीठालाल मीणा	254 / 8	प्लॉट नं. 5 केरोद मोड के पास जुगलपुरा	150 वर्ग गज	पट्टा नवीनीकरण
5.	संतोष देवी / नाथू लाल माहुर	254 / 8	प्लॉट नं. 56 केरोद मोड के पास जुगलपुरा	150 वर्ग गज	पट्टा नवीनीकरण

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ढाणी जुगलपुरा

शीला मीणा
सरपंच
ग्राम पंचायत ढाणी जुगलपुरा

स्कूली छात्रों के देशभक्ति नारों से गूंजा क्षेत्र

मंडावरी, (निसं)। नगर पालिका क्षेत्र में शनिवार को आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर तिरंगा बाइक रैली निकाली गई एवं निजी व सरकारी विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न मार्गो चौराहों गलियों से तिरंगा रैली निकालकर लोगों में देशभक्ति की अलख जगाई गई।

सुबह से ही स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के चलते तिरंगा यात्रा निकाली गई। छात्र-छात्राओं द्वारा तिरंगा यात्रा को लेकर पैदल मार्च करते हुए जमकर देशभक्ति के नारे लगाए गए इससे पालिका क्षेत्र पूरी तरह देश भक्ति के नारों से गुंजायमान हो उठा। निकाली गई बाइक तिरंगा रैली एवं छात्र छात्राओं द्वारा निकाले गए तिरंगा रैली को लेकर पैदल मार्च के दौरान लोगों को घर-घर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

हर घर तिरंगा प्रभात फेरी निकाली

गोविंदगढ़, (निसं)। ग्राम पंचायत चिडवाई युवा मंडल सिरमौर में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया।

केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अनिल कुमार ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रभातफेरी रैली युवा मंडल सिरमौर के पदाधिकारी वह सदस्यों के द्वारा आयोजित की गई है। स्थानीय नागरिकों को जागरूक किया गया जा रहा है। नेहरू युवा केंद्र संगठन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के महानिदेशक इस कार्यक्रम को व्यक्तिगत मॉनिटर कर रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे ग्राम पंचायत चिडवाई सरपंच सुरेश चंद्र ने प्रभात फेरी को झंडी दिखाकर रवाना किया। भारत माता के जयघोष से सभी युवा साथियों में उन्होंने देशभक्ति का संचार किया।

तिरंगा रैली पर पुष्प वर्षा की

चौमू/कालाडेरा, (निसं)। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर रविवार को कालाडेरा कस्बे में ग्रामीणों के द्वारा विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली का विधिवत शुभारंभ भगवा चौक से किया गया जो मुख्य मार्गों से होते हुए निकाली गई। रैली में युवा अपने हाथों में तिरंगा ध्वज को लेकर साथ चल रहे थे वहीं डीजे पर देश भक्ति गानों पर युवाओं व ग्रामीणों के द्वारा भारत माता के जय कारे लगा रहे थे। तिरंगा रैली मार्ग पर ग्रामीणों के द्वारा पुष्प वर्षो भी की गई। वहीं कालाडेरा थाना पुलिस भी यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए तिरंगा रैली के साथ ही चल रहे थे।

तिरंगा यात्रा आज

श्रीमाधोपुर। आजादी के अमृत महोत्सव पर शहीदों के सम्मान में श्रीमाधोपुर में तिरंगा यात्रा सोमवार सुबह 7 बजे मानपुरिया फाटक से मुख्य मार्गों से होते हुए शहीद महेश निठारवाल व शहीद सतपाल सिंह स्मारक स्थल कल्याणपुरा रोड पर स्थित ढाणी बीजावाली तक निकाली जाएगी।

तिरंगा रैली में महापुरुषों की झांकी सजाई

दौसा, (निसं)। स्वराज 75 अमृत महोत्सव समिति के तत्वावधान में रविवार को जिला मुख्यालय पर तिरंगा रैली निकाली, रैली में महापुरुषों की जीवंत झांकी सजाई गई थी। इस दौरान पूरा शहर तिरंगे के रंग में रंग गया तथा युवाओं ने देशभक्ति गीत जमकर नृत्य किये।

उल्लेखनीय है कि रविवार को स्वराज.75 अमृत महोत्सव समिति दौसा के तत्वावधान में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली को नेहरु गार्डन से दौसा सांसद जसकौर मीणा, पूर्व विधायक शंकर शर्मा ने रवाना किया। रैली नेहरु गार्डन से रवाना होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई शहीद स्मारक पहुंची। इस दौरान तिरंगा रैली का शहर के विभिन्न संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। रैली में शामिल युवाओं ने अपने हाथों में तिरंगा थाम रहे थे तथा देशभक्ति गीतों की धून पर जमकर नृत्य कर रहे थे। उधर रैली में रानी लक्ष्मीबाई, भगतसिंह, चन्द्रशेखन आजाद, हाडी रानी, भारत माता की जीवंत झांकी सजाई गई थी, जो आकृषण का केन्द्र बनी हुई थी। वहीं दूसरी ओर रैली में 300 फीट लम्बा तिरंगा भी आकृषण का मुख्य केन्द्र बिंदू बना हुआ था। इस अवसर पर सांसद जसकौर मीणा, पूर्व विधायक शंकरलाल शर्मा, लोकेश शर्मा, प्यारेलाल मीणा, भगवानसहाय सैनी, स्वदेशी जागरण मंच के संयोजक मनोज राघव, गिरिराज गुर्जर, रोहित डंगायच, जिला परिषद सदस्य नीलम गुर्जर, महेन्द्र तिवाडी, मनोज शर्मा समेत बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे।

दौसा में अमृत महोत्सव समिति के तत्वावधान में तिरंगा रैली निकाली।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल-फुलेरा (जयपुर)

टेलिफोन नं.: 01425-284024 E-mail: - fulera.jaipur@yahoo.com

क्रमांकः न.पा.फु./2022-23/ दिनांकः 12.08.2022

आज़ादी का अमृत महोत्सव

अपील

स्वतंत्रता दिवस कि हार्दिक शुभकामनाएं

- स्वच्छ भारत मिशन 2.0 :- के अर्न्तगत नगरपालिका क्षेत्र में घर-घर कचरा संग्रहण हेतु ऑटो टीपर का संचालन किया जा रहा हैं। नगरवासियों से अनुरोध हैं कि अपने घरों/दुकानों एवं ठेलों से एकत्रित कचरा पालिका के कचरा संग्रहण वाहनों में डालें, तथा बगरू को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने में अपना योगदान दें।
- इन्दिरा रसोई योजना :- माननीय मुख्यमंत्री महोदय की मंशा कोई भूखा ना सोये के तहत नगर पालिका क्षेत्र में सामुदायिक केन्द्र छीपों का मौहल्ला पर संचालित इन्दिरा रसोई में मात्र 8/- में स्वादिष्ट व पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा हैं। उक्त योजना का लाभ उठायें।
- दिनांक 01 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित हैं। प्रतिबन्धित प्लास्टिक जैसे छड़ियों से लेस ईयरबर्ड्स, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की छड़ियां, प्लास्टिक के झण्डे, कैन्डी, आईसक्रिम की छड़िया सजावट के लिए पोलीस्टिरीन (थर्माकोल), प्लेट, कप, गिलास, काटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रा ट्रेन जैसी कटलरी, मिठाई के डिब्बों के चारों ओर लपेटे जाने या पैकिंग करने वाली फिल्म, निमन्त्रण कार्ड और सिगरेट के पैकेट, 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक यूपीवीसी बैनर, स्टीकर एवं अन्य समस्त सिंगल यूज प्लास्टिक (डिस्पोजल) आदि का उपयोग न करें। उक्त के विकल्प अपनायें। सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प अपनाकर स्वस्थ भविष्य बनायें।
- इन्दिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना :- इन्दिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना के अर्न्तगत शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले स्ट्रीट वेण्डर्स, अनौपचारिक क्षेत्र में सेवाएं उपलब्ध करवाने वाले लोग जैसे हेयर ड्रेसर, रिक्सावाला, कुम्हार, खाती, मोची, मिस्त्री, धोबी, रंग-पेन्ट करने वाले, नल-बिजली मरम्मत करने वाले इत्यादि एवं बेरोजगार युवाओं जिनकी उम्र 18 से 40 के मध्य हो तथा बेरोजगारी भत्ता नहीं मिल रहा है, उनको बैंको के माध्यम से 50000/- रूपये तक का ब्याज मुक्त ऋण 1 वर्ष की अवधि के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा हैं। इन्दिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड के लिए ई-मित्र से सम्पर्क किया जा सकता हैं। पालिका क्षेत्र में अब तक 38 कार्ड जारी किये जा चुके हैं।

आजादी का अमृत महोत्सव का एक जनांदोलन में बदल रहा है।
आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर 15 अगस्त के दिन विशेष अभियान
"हर घर तिरंगा"
चलाकर हम घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।

श्रीमती संगीता अग्रवाल	श्री योगेश सैनी		समस्त कर्मचारी एवं
अध्यक्ष	उपाध्यक्ष	समस्त पार्षदगण	अधिकारीगण
नगर पालिका फुलेरा	नगर पालिका फुलेरा	नगर पालिका फुलेरा	नगर पालिका फुलेरा

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत-तृतीय **राजस्थान आवासन मण्डल** जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर, दूरभाष संख्या :- 0141-4001853

आम जाहिर सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-4 झ 38, नाहरी का नाका, जयपुर क्षेत्रफल 60.00 वर्ग मीटर का नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र कमांक 162 दिनांक 04.04.2013 श्रीमती आशा गंगवानी पत्नी श्री पुरूषोत्तम दास के पक्ष में जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर पंचम में दिनाक 29.04.2013 को करवाया गया। श्रीमती आशा गंगवानी की मृत्यु दिनांक 31.12.2021 को हो जाने के कारण श्री पुरूषोत्तम दास गंगवानी पुत्र श्री खान चन्द गंगवानी के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, हकत्याग पत्र (रजिस्टर्ड) एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर, उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- **श्री पुरुषोत्तम दास गंगवानी पुत्र श्री खान चन्द गंगवानी** के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।

सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत-तृतीय **राजस्थान आवासन मण्डल** जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर, दूरभाष संख्या :- 0141-4001853

आम जाहिर सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-14/177 मालवीय नगर, जयपुर क्षेत्रफल 120.00 वर्ग मीटर का आवंटन संयुक्त रूप से श्री रवि शंकर शर्मा एवं श्रीमती भगवती शर्मा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 70 दिनांक 20.04.2004 को प्राप्त कर लिया गया। उनके द्वारा उक्त आवास का भातिक कब्जा दिनांक 14.07.2004 को प्राप्त कर लिया गया। उक्त दोनो आवंटियों में से श्री रवि शंकर शर्मा की मृत्यु दिनांक 08.02.2013 को हो जाने के पश्चात श्रीमती भगवती शर्मा पत्नी श्री स्व. श्री रवि शंकर शर्मा के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर, उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- **श्रीमती भगवती शर्मा पत्नी स्व. श्री रवि शंकर शर्मा** के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।

सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत-तृतीय **राजस्थान आवासन मण्डल** जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर, दूरभाष संख्या :- 0141-4001853

आम जाहिर सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-4 ढ 01, नाहरी का नाका, जयपुर क्षेत्रफल 139.00 वर्ग गज का आवंटन श्री प्रेम बिहारी माथुर पुत्र श्री मोहन लाल जी माथुर को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 1966 दिनांक 21.04.1978 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर द्वितीय में दिनांक 29.04.1994 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री प्रेम बिहारी माथुर पुत्र श्री मोहन लाल जी माथुर के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्री ओम प्रकाश पुरोहित पुत्र स्व. श्री प्रहलाद राय पी पुरोहित को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर द्वितीय में दिनांक 29.08.1994 को करवाया गया। तत्पश्चात कार्यालय आदेश कमांक 305 दिनांक 14.09.2007 जारी कर, उक्त आवास का हस्तान्तरण श्री ओम प्रकाश पुरोहित के पक्ष में किया गया। श्री ओम प्रकाश पुरोहित की मृत्यु दिनांक 05.06.2014 को हो जाने के पश्चात श्री अजय कुमार पुरोहित पुत्र स्व. श्री ओम प्रकाश पुरोहित के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, हकत्याग पत्र (रजिस्टर्ड) एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर, उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- **श्री अजय कुमार पुरोहित पुत्र स्व. श्री ओमप्रकाश पुरोहित** के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।

सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना

साधारण प्रारूप

व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी महोदय
सांभरलेक जि. जयपुर

रामसिंह वगैरह बनाम राजस्थान सरकार

प्रार्थना पत्र 32 / 22

प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 128 भू.राज. अधिनियम

बनाम:- 1- राजस्थान सरकार जरिये:- तहसीलदार तहसील जोबनेर जिला जयपुर, 2- मोहरीदेवी पत्नि बसन्तीलाल 3- रामेश्वरी देवी पत्नि हनुमानसहाय 4- सरजूदेवी पत्नि घीसालाल समस्त जाति कुमावत निवासी दहमींकला तहसील बगरू जिला जयपुर राज. 5- जयनारायण पुत्र गोपाल 6- नन्दकिशोर पुत्र गोपाल 7- प्रभाती देवी पत्नि गोपाल 8- प्रेमदेवी पुत्री गोपाल 9- महावीर प्रसाद पुत्र श्रवण 10- राजूदेवी पत्नि कैलाशचन्द 11- रामेश्वरलाल पुत्र श्रवण 12- रामानन्द पुत्र श्रवण 13- लाडादेवी पुत्री गोपाल समस्त जाति कुम्हार (प्रजापति) निवासी आसलपुर तहसील जोबनेर जिला जयपुर राज. 14- अंजू पुत्री नारायणलाल 15- गंगाराम पुत्र लालूराम 16- गजानन्द पुत्र पांचूराम 17- गायत्रीदेवी पुत्री सूजाराम 18- गीतादेवी पुत्री पांचूराम 18- जगदीश प्रसाद पुत्र नारायणलाल 19- तीजादेवी पत्नि नारायणलाल 20- पूजादेवी पुत्री छोटूराम 21- प्रकाश पुत्र नारायण 22- प्रेमदेवी पुत्री छोटूराम 23- बजरंगलाल पुत्र नारायणलाल 24- मंजूदेवी पुत्री नारायणलाल 24- ममता देवी पुत्री छोटूराम 25- मांगीदेवी पुत्री छोटूराम 26- राजूदेवी पुत्री छोटूराम 27- विनोदी देवी पुत्री छोटूराम 28- शिव कुमार पुत्र नारायणलाल 29- सीतादेवी पुत्री पांचूराम 30- हरिराम पुत्र, लालूराम समस्त जाति कुम्हार (प्रजापति) निवासी आसलपुर तहसील जोबनेर जिला जयपुर राज.

उक्त प्राथीगण ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करन के लिए दिनांक 16.8.22 को 10.00 बजे ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवायी और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा। अत:

आज दि. 22.7.22 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मोहर अदालत

उपखण्ड अधिकारी
सांभरलेक